**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 01 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 02 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**दिनांक–02-12-2023**

**दिनांक 01/02-12-2023 को रात्रि थाना सरोजनीनगर 01 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में थाना आलमबाग 01, नाका 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 01 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 02 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**भा0द0वि0**

**थाना दुबग्गा–**दिनांक 02.12..2023 को थाना दुबग्गा द्वारा बताया गया कि वादी श्री रजनीश कुमार पुत्र नन्हकू यादव निवासी–सिरगामऊ थाना मलिहाबाद लखनऊ ने थाना दुबग्गा पर सूचना दिया कि दिनांक 01.12.2023 को वादी का छोटा भाई राजेश कुमार उम्र करीब 33 वर्ष रात्रि करीब 10 बजे ट्रांसपोर्ट नगर से ड्यूटी करके थाना दुबग्गा होते हुए अपने घर पर सिगरामऊ जा रहे था कि रास्तें में जैसे ही हमसफर लॉन कसमन्डी रोड थाना दुबग्गा के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर वादी के भाई के मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे वादी के भाई राजेश कुमार उपरोक्त की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। **इस सूचना पर थाना दुबग्गा पर मु0अ0सं0 406/2023 धारा 279/427/304ए भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही हे।**

**थाना इन्दिरानगर–**दिनांक 02.12.2023 को थाना इन्दिरानगर द्वारा बताया गया कि वादी श्री सय्यद अहमद तलहा पुत्र स्व0 जावेद इकबाल निवासी–पन्तनगर नियर अपना पी0सी0ओ0 खुर्रमनगर थाना इन्दिरानगर लखनऊ ने थाना इन्दिरानगर पर सूचना दिया कि वादी की बहन की शादी 29.11.2023 को थी। वादी अपनी बहन की शादी में था तभी रात को वादी के घर में अज्ञात चोरों द्वारा वादी के घर में घुसकर चोरी कर ली गयी है। वादी जब रात्रि 03.00 बजे अपने उक्त घर पर वापस आया तो देखा कि घर का सारा सामान व आलमारी बिखरी हुयी पड़ी थी। अज्ञात चोरों द्वारा वादी के उक्त घर में घुसकर घर में रखे कीमती जेवरात व नगदी को चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना इन्दिरानगर पर मु0अ0सं0 409/2023 धारा 457/380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना सुशान्तगोल्फ सिटी–**दिनांक 02.12.2023 को थाना सुशान्तगोल्फ सिटी द्वारा बताया गया कि शबनम पत्नी मुस्तफा निवासी–सेक्टर–11 तकरोही मुन्शी पुलिया लखनऊ ने थाना सुशान्तगोल्फ सिटी पर सूचना दिया कि दिनांक 02.12.2023 को उसे सूचना मिली कि उसके पीर अली उम्र करीब 75 वर्ष की मृत्यु हो गयी है। इस सूचना पर वह अपने मामा के निवास स्थान ग्राम अहिमामऊ पहुंची जहां पर मैने उसके मामा की मृत्यु के विषय में 112 पर सूचना दी। उसके मामा को पैर में चोट होने के कारण ज्यादा चल फिर नही पाते थे वही घर मे बेन्च पर सोते थे बीति रात्रि आग जलाकर हाथ सेककर बेन्च पर सो रहे थे जब में वहां पहुची तो जानकारी हुई कि वो बेन्च से नीचे गिरे हुए थे और उनका चेहरा नीचे जल रही आग से जल गया और उनकी मृत्यु हो गयी है । **इस सूचना पर एस0आई0 श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह मो0नं0 8090545814 थाना सुशान्तगोल्फ सिटी द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना बिजनौर–**दिनांक–02.12.2023 को थाना बिजनौर द्वारा बताया गया कि मीना यादव पत्नी श्री शेषनाथ यादव निवासी–आरडीएसओ मानकनगर लखनऊ ने थाना बिजनौर पर सूचना दिया कि उसका भांजा विवेक यादव (विवेकानन्द) उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र श्री राजेश्वर यादव निवासी–पुराना गुड़ौरा अयोध्यापुरी फेस–2 थाना बिजनौर लखनऊ जो कि दिनांक 29.11.2023 को घर से निकले थे का मृत शव शहीद पथ, सर्विस लेन के किनारे, औरंगाबाद अंडरपास के पास नाले में पड़ा मिला है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री उमाकान्त तिवारी मो0नं0 9670327335 थाना बिजनौर द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि उक्त सूचना पर मौके पर पहुंच कर थाना पुलिस द्वारा देखा गया तो मृतक का शव गहरे नाले में मौजूद है।मृतक की मोटरसाइकिल भी शव के बगल में नाले में पड़ी हुई थी । मृतक हेलमेट पहना हुआ है। शव को नाले से निकाल कर पंचायतनामा की कार्रवाई के पश्चात पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेजा गया है। मृतक विवेक यादव दिनांक 29.11.23 से घर से गायब था। इसके संबंध में मृतक की पत्नी श्रीमती सुधा यादव द्वारा दिनांक 01.12.23 को थाना स्थानीय पर गुमशुदगी पंजीकृत कराई गई है। नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है । प्रथमदृष्टा देखने से यह प्रतीत हो रहा है कि मृतक की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई, नाले में पानी होने के कारण डूबकर उसकी मृत्यु हो गई ।